## सार-समाचार

### गणेश विसर्जन यात्रा निकली



**करौली, (निसं)।** करौली साईंनाथ खिड़कियां भक्त मंडल द्वारा साईंनाथ खिड़कियां से भगवान गणेश कि विसर्जन यात्रा निकाली गई। बैंड बाजे और डीजे की धुन पर रथ में सवार होकर विसर्जन यात्रा रवाना हुई तो भगवान गणेश के जयकारे गूंज उठे। इस दौरान श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा अर्चना कर भगवान गणेश कि विसर्जन यात्रा को रवाना किया। यात्रा के साथ कई श्रद्धालु अपने घर पर स्थापित गणपति को भी विसर्जन के लिए साथ में लेकर चल रहे थे। विसर्जन यात्रा के आगे-आगे घोड़े पर सवार एक युवक धर्म ध्वजा थामे चल रहा था। इस दौरान ऊंट पर सवार एक युवक श्रद्धालुओं पर अबीर-गुलाल लूटाते और जयकारे लगाते चल रहा था। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्त भगवान के जयकारा लगाते अबीर गुलाल, फूल लुटाते और नाचते गाते आगे बढ़ रहे थे। भगवान गणेश की विसर्जन यात्रा बड़ा बाजार,सदर बाजार,फूटाकोट, चैधरी पाड़ा, हिंडौन गेट,हॉस्पिटल रोड, गुलाब बाग होते हुए बड़ा पांचना पुल के पास पहुंची। जहां भगवान गणेश की महाआरती कर गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारे लगाते हुए श्रद्धालुओं ने विसर्जन किया। गौरतलब है कि साईंनाथ खिड़कियां भक्त मंडल समाज कई वर्षों से गणेश उत्सव का आयोजन करता आ रहा है हर वर्ष गणेश चतुर्थी पर भगवान गणेश कि स्थापना करता है विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद विसर्जन यात्रा निकाली जाती है। विसर्जन यात्रा में साईंनाथ खिड़कियां क्षेत्र के महिला,पुरुष, बच्चे और बुजुर्ग अबीर गुलाल उड़ाते और नाचते गाते बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस दौरान विसर्जन यात्रा का कई स्थानों पर स्वागत किया गया।

### पांचवें दिन भी जारी रहा धरना

**कामां, (निसं)।** पांच दिन पूर्व कस्बे के अंबेडकर पार्क में बाबासाहेब अंबेडकर की मूर्ति को खंडित किए जाने को लेकर पांच दिवस से चला आ रहा धरना शुक्रवार को भी जारी रहा। धरने में उस समय समाज को बल मिल गया जब बाहर से आए भीम सेना के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने धरना स्थल पर पहुंच कर अपना समर्थन देते हुए दोषियों को प्रशासन से शीघ्र ही गिरफ्तार करने की मांग की धरना स्थल पर राजेश जाटव द्वारा समाज को अपना समर्थन देते हुए आमरण अनशन पर बैठते हुए प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जब तक दौषियो को गिरफ्तार नही किया जाता है तो मेरा आमरण अनशन अन्तिम सांस तक जारी रहेगा। धरना स्थल पर डीग से आए भीम सेना के कार्यकताओं ने अपने अपने संबोधन में कहा कि यह लड़ाई कामां ही नहीं राजस्थान उत्तर प्रदेश हरियाणा में भी आंदोलन की राह पर चलेंगी जिसका खामियाजा प्रशासन व सरकार को भुगतना पड़ सकता है। धरना स्थल पर बैठे सुनील कुमार बाबा ने बताया कि आज शनिवार से डीग जिले पर भी धरना शुरू किया जाएगा जिसमें समाज के लोगों शामिल होंगे व आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग रखीं जाएंगी।

### सदस्यता को लेकर किया जनसपर्क

**करौली, (निसं)।** भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर दिल्ली से पार्टी कि राष्ट्रीय मंत्री अलका गुर्जर ने करौली पहुचकर सदस्यता अभियान को लेकर जनसंपर्क किया एव नवीन सदस्य बनाए। भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष आशुतोष तिवारी ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी सदस्यता 2024 को लेकर चल रहे कार्यक्रम के तहत पार्टी की राष्ट्रीय मंत्री अलका गुर्जर करौली प्रवास पर रही। अलका गुर्जर के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर संपर्क किया एवं पार्टी के सदस्यता अभियान की मुहिम को आगे बढ़ाते हुए सदस्य बनाए अलका गुर्जर ने घर-घर जाकर संपर्क में सभी से पार्टी कि कल्याणकारी जन योजनाओं को बताते हुए एवं पार्टी के सदस्यता अभियान के महत्व को समझाते हुए सदस्य बनाए। महिलाओं ने इस मुहिम में बढ़-चढ़कर भाग लिया राष्ट्रीय मंत्री अलका गुर्जर ने सभी महिलाओं को पार्टी मिस कॉल के माध्यम से सदस्य बनाकर दुपट्टा पहना कर उनका स्वागत किया एवं उनको मिठाई खिलाई।

### प्रजापति समाज की बैठक संपन्न

**करौली, (निसं)।** दक्ष प्रजापति विकास संस्थान करौली की तीन बड़ पर रामेश्वर ठेकेदार संरक्षक की अध्यक्षता बैठक आयोजित हुई। सचिव गंगाराम प्रजापत ने बताया कि प्रजापति प्रतिभा सम्मान समारोह करौली में 3 नबंबर को प्रस्तावित था जिसकी तिथि परिवर्तित कर 13 अक्टूबर एवं स्थान ढिढौरा सूरौठ निश्चित किया गया है कार्यक्रम में सर्व सम्मति से दक्ष प्रजापति विकास संस्थान हिंडौन के एवं प्रजापति प्रतिभा सम्मान समारोह के अध्यक्ष नियुक्त कर उनका माला साफा पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में छीतर लाल प्रजापति संयोजक,गुटियारी प्रजापत,श्रीभगवान प्रजापत, गोपीलाल बाई जट्ट,रमेश प्रजापत,लखन ठेकेदार,दर्शन प्रजापत, किस्तूर चंद प्रजापति, शिवा प्रजापत,कमलेश प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

# जलभराव की समस्या से निजात दिलाने की मांग

**भरतपुर, ( निस )।** जोरदार बारिश की वजह से शहर की कई कॉलोनियां जलभराव की समस्या से जूझ रही हैं। इन कॉलोनियों के निवासी भारी परेशानी का सामना करने को मजबूर हैं। बरसात के साथ साथ अतिक्रमण भी जलभराव की वजह बना हुआ है।

जलभराव की समस्या से परेशान गोलपुरा कॉलोनी के करीब दो दर्जन महिला पुरूषों ने शुक्रवार को जिला कलेक्टेट पंहुचकर एडीएम प्रशासन घनश्याम शर्मा को ज्ञापन देकर जलभराव की समस्या से निजात दिलाने की मांग की। इस मौके पर कॉलोनी के लोगों ने एडीएम प्रशासन को अवगत कराया कि उनके क्षेत्र के पानी की निकासी धोरी की मोरी नाले से होती है। जिस पर कुछ लोगों ने अतिक्रमण कर लिया है। जिससे कॉलोनी का पानी निकल नहीं पा रहा है। वर्तमान में हालत बहुत बदहाल है। कॉलोनी के लोगों ने बताया कि कॉलोनी में तीन तीन फीट पानी खडा है। पानी में सांप बिच्छू निकल रहे हैं। जिससे हर वक्त अनहोनी होने का खतरा बना रहता है। जलभराव के चलते लोग घरों में कैद होने के मजबूर हो गए हैं। किसी भी काम के लिए लोगों का पानी में निकल कर जाने को मजबूर होना पडता है। छोटे छोटे बच्चों का तो घरो से निकलना दूभर हो गया है। हर वक्त उन पर नजर बनाए रखनी पडती है कि कहीं पानी में जाने से कोई हादसा नहीं हो जाए।



जलभराव की समस्या से परेशान दो दर्जन महिला-पुरूषों ने जिला कलेक्टेट पहुंचकर प्रदर्शन किया।

कॉलोनी के लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि अतिक्रमण को हटवाया जाए। जिससे पानी निकासी की व्यवस्था हो सके। वहीं शहर के गोलपुरा क्षेत्र की विभिन्न कॉलोनियों में जल भराव की समस्या से क्षेत्रवासियों को निजात दिलाने के लिए धोरी मोरी को खुलवाकर पानी निकासी के प्रबंध करने के पूर्व मंत्री व वर्तमान विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने नगर निगम के आयुक्त को निर्देशित किया है।

डॉ. गर्ग ने नगर निगम आयुक्त को निर्देश देते हुये कहा कि गोलपुरा, राधा नगर, सुभाष नगर, जामुन बगीची, गणेश नगर, आनन्द नगर सहित अन्य कई कॉलोनियों में अत्यधिक बरसात होने से जल भराव की समस्या हो गई है। जिससे क्षेत्र के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड रहा है। कॉलोनियों में पानी भर जाने से लोगों का आवागमन बाधित हो रहा है। उन्होंने जल भराव की समस्या को देखते हुये धोरी मोरी को खुलवाकर एवं ट्रैक्टर पम्प लगवाकर पानी निकासी के प्रबंध करने के निर्देश दिये।

### बाबा रामदेव का मेला संपन्न

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** बाढ कोयला स्थित बाबा रामदेव मंदिर पर जयन्ती समारोह मनाया गया। पूर्व प्रधान कन्हैया लाल बैरवा ने बताया कि भाद्र सूदी 10 को बाबा रामदेव की जयन्ती मनाई जाती है। शुक्रवार को दशर्मी के अवसर पर लूलोज, खुटला, दोदूपुरा सहित विभिन्न स्थानो से पदयात्राऐ पहुंची जिनका मंदिर कमेटी की ओर से पुष्प वर्षा कर व अल्पाहार करा कर स्वागत किया।

## जलभराव क्षेत्रों में किया भ्रमण

**भरतपुर, (निस)।** जिला प्रभारी सचिव शुचि त्यागी ने शुक्रवार को जिले के शहरी एवं ठाामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर जलभराव स्थलों पर पानी निकासी की व्यवस्थाओं का मौका मुआयना किया तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश प्रदान किये। इस दौरान जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव सहित सबंधित अधिकारी भी मौजूद रहे।

जिला प्रभारी सचिव ने नगर निगम क्षेत्र में गिर्राज कैनाल, गुण्डवा, मोती झील क्षेत्र में भ्रमण कर आवासीय क्षेत्रों में पानी भराव की स्थिति एवं नगर निगम व नगर विकास न्यास द्वारा पानी निकासी के किये जा रहे प्रबन्धों का अवलोकन किया।


उन्होंने कैनाल में पानी लिफ्ट कर आवासीय क्षेत्रों से शीघ्र खाली करने तथा साफ-सफाई करने के निर्देश दिये। उन्होंने जिले के चिकसाना एवं अजान बांध का भी निरीक्षण किया तथा आसपास के गॉवों में जलभराव की स्थिति की जानकारी लेकर जलसंसाधन विभाग, ठाामीण विकास विभाग के अधिकारियों को आवासीय क्षेत्रों से पानी निकासी के निर्देश दिये। उन्होंने अधिक वर्षा से सडकों, आवागमन के रास्तों, राजकीय भवनों में हुये नुकसान की सूचना एकत्रित कर भिजवाने तथा किसानों के खेतों में फसल खराबे का सर्वे कर शीघ्र रिपोर्ट भिजवाने के निर्देश दिये। इस दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# धार्मिक आयोजनों से सद्भाव व सनातन संस्कृति का संचार होता है : डॉ. शर्मा

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** श्री गणेश महोत्सव समिति के तत्वाधान में श्री गणेश महोत्सव का आयोजन गणेश जी की स्थापना के साथ ही किया जा रहा है। सुबह मंगला आरती से शुरू होने वाले कार्यक्रम में अपार जन समूह उमड रहा है।

समिति संयोजक हेमेंत शर्मा ने बताया कि प्रतिदिन शाम को संध्या आरती के बाद सुप्रसिद्ध कलाकारों के द्वारा आकर्षक झांकियों का आयोजन किया जा रहा है। कलाकारों के द्वारा प्रतिदिन एक से बढकर एक अलग अलग झांकियों का प्रदर्शन किया जा रहा है जो कि श्रद्धालुओं का मन मोह रही है। समिति संरक्षक अशोक चौधरी ने बताया श्री गणेश जी महाराज के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड रहा है जिससे मंडी प्रांगण किसी तीर्थ से कम नजर नहीं आ रहा है।

वहीं सुभाष कॉलोनी नवीन स्कूल के पास और मीणा मोहल्ला में भी गणपति बप्पा का दरबार सजाया गया है। उक्त दोनों ही स्थानों पर दरबार में प्रतिदिन प्रातःकाल 8 बजे ,सांयकाल 8 बजे से हजारों महिला पुरुष, बाल गोपालों की श्रद्धालु के रूप में उपस्थिति के साथ भव्य आरती की जाती है।



ब्राह्मण समाज अध्यक्ष हेमेंत शर्मा ने गणेश भक्तों को संबोधित किया।

धनेश शर्मा ने बताया कि गत दिवस गणपति बप्पा के दरबार में दोनों ही स्थानों सुभाष कॉलोनी, मीणा मोहल्ला पहुंचकर गणपति बप्पा की आरती में शिक्षाविद कुहू स्कूल के निदेशक, ब्राह्मण समाज अध्यक्ष, भाजपा नेता डॉ.हेमंत शर्मा ने कहा कि किसी भी स्थान पर समय-समय पर आयोजित किए जाने वाले धार्मिक आयोजनों से आमजन में आपसी सद्भाव, प्रेमभाव और सनातन संस्कृति का संचार होता है।

मीडिया प्रमुख शर्मा ने बताया कि उक्त अवसर पर गणपति बप्पा के दरबार मे नवीन विद्यालय निदेशक सूरज प्रसाद गर्ग, भाजपा मीडिया प्रमुख धनेश शर्मा, पार्षद रवि गोठवाल, पूर्व पार्षद भरत लाल, ठंडी मीणा, चंद्र प्रकाश, अंकित तवंर, सोनू महावर, तारा महावर सहित हजारों की संख्या में महिला पुरुष, बाल गोपाल भक्तों के रूप में उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### नारायणी धाम के लिए पदयात्री रवाना

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** सैन समाज गंगापुर सिटी की ओर से नारायणी धाम सेवा समिति के नेतृत्व में 23वीं पदयात्रा शुक्रवार को डीजे और गाजे-बाजे के साथ रवाना हुई। पदयात्रा में हजारों पदयात्री नारायणी माता के जयकारे लगाते हुए और भजनों पर नाचते गाते हुए चल रहे थे। पदयात्रा के रवाना होने से पहले सैन समाज के लोगों के अलावा समिति के पदाधिकारी-सदस्य सैन धर्मशाला नेहरू पार्क के सामने एकत्रित हुए। यहां सबसे पहले समाज के पदाधिकारियों ने पदयात्रा की रूपरेखा के बारे में बताया। इसके बाद सम्मान समारोह हुआ। समारोह के बाद विधिवत पदयात्रा के झंडे और भगवान के साथ नारायणी माता की पूजा अर्चना की गई और इसके बाद नारायणी माता की प्रतिमा को फूलों से सजे-धजे रथ में विराजित करने के बाद पदयात्रा रवाना हुई। पदयात्रा में सबसे आगे समाज के युवा झंडा लिए और इसके पीछे रथ के आगे और रथ के पीछे डीजे और बैंड बाजों के आगे भजनों पर श्रद्धालु नाचते गाते हुए और नारायणी माता के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। पदयात्रा का मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। साथ पदयात्रियों को अल्पाहार कर कोल्डड्रिंक आदि पिलाकर स्वागत किया।

### जल महोत्सव का आयोजन आज

**करौली, (निसं)।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजवीर सिंह चैधरी ने बताया कि आज शनिवार जलझुलनी एकादशी के दिन राज्य की जनता के हर्ष एवं उल्लास में शामिल होने के लिए जिले के पूर्ण भरे हुए जलाशयों पर राजस्थान जल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए बताया कि संबंधित विभागों की सहभागिता से कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आज शनिवार को जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन पांचना बांध पर दोपहर 12:15 बजे ग्राम गुडला में आयोजित किया जाएगा। उन्होने बताया कि ब्लॉक स्तर पर पंचायत समिति सपोटरा में कालीसिल बांध पर प्रातः 11:30 बजे कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होने इस हेतु जल संसाधन विभाग के अभियन्ता को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

### शिक्षक सम्मान समारोह कल

**गंगापुर सिटी, (कासं)।** स्कूल शिक्षा परिवार कार्यकारिणी की मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग मे 15 सितंबर रविवार को मधुबन रिसोर्ट हिंडौन रोड रिद्धि सिद्धि हॉस्पिटल के सामने प्रातः 10 बजे शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। प्रवक्ता खगेश खटाना ने बताया कि स्कूल शिक्षा परिवार द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह कार्यक्रम बडे हर्षोल्लाह से मनाया जावेगा इस कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक देवीलाल मीणा, गंगासहाय मीणा प्रारंभिक जिला शिक्षा अधिकारी गंगापुर सिटी, महेश मीणा मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी गंगापुर सिटी, ओमप्रकाश बैरवा प्रधानाचार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गंगापुर सिटी तथा राजेंद्री मीना प्रधानाचार्य राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, डॉ अनुज कुमार शर्मा जिला अध्यक्ष स्कूल शिक्षा परिवार, राजेश शर्मा जिला प्रभारी स्कूल शिक्षा परिवार, गणमान्य सदस्य मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

### हादसे में बालक सहित चार घायल

**नदबई (निस)।** नदबई-खेडली मार्ग पर गांव कटारा के समीप अचानक चलती गाडी का गेट खुलने पर असंतुलित होकर गाडी पलट गई। जिसके चलते कार में सवार दो बर्षीय बालक सहित चार जनें घायल हो गए। अचानक चीख पुकार सुनकर समीपवर्ती ठाामीणों ने 108 एम्बूलेंस की सहायता से घायलों को नदबई उपजिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। सूत्रों की मानें तो ऊँच निवासी मनमोहन शर्मा पुत्र नत्थीलाल शर्मा अपने अन्य परिजनों को लेकर खेडली से अपने गांव ऊँच में तीये की बैठक में आ रहा। इसी दौरान अचानक गांव कटारा के समीप चलती गाडी का दरवाजा खुलने पर गाडी असंतुलित होकर सडक किनारे पलट गई। जिसके चलते गाडी में सवार दो बर्षीय बालक डुग्गू पुत्र राजमोहन सहित नेहा पत्नी राजमोहन शर्मा, गौरा पत्नी चन्द्रमोहन व अनीता शर्मा पुत्री मुकेश शर्मा घायल हो गए। घायलों को उपजिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

### हिस्ट्रीशीटर विवेक उर्फ रिन्कू गिरफ्तार

**भुसावर/भरतपुर, (निसं)।** भुसावर थाना पुलिस ने क्षेत्र के टॉप टेन बदमाश एक हिस्ट्रीशीटर विवेक उर्फ रिन्कू को गिरफ्तार किया है। थाना अधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि आईजी राहुल प्रकाश व जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा के निर्देश पर असामाजिक तत्वों एवं वांछित आरोपियों की धरपकड के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत थाने के हिस्ट्रीशीटर बदमाश विवेक उर्फ रिन्कू पुत्र अमर सिंह को थाने पर दर्ज प्रकरण गिरफ्तार किया गया है। 11 सितम्बर को भानु सैनी निवासी मजाजपुर ने आरोपी विवेक के खिलाफ अवैध हथियार का भय दिखा कर पांच लाख रूपये की रंगदारी की मांगनें तथा फेसबुक पर जान से मारने की धमकी देने का वीडिया वायरल करने के संबंध में थाना पर मामला दर्ज कराया था।

### आवेदन की अंतिम तिथि 25 सितंबर

**भरतपुर, (निस)।** महारानी श्री जया राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नवीन शैक्षिणक सत्र 2024-25 के लिए स्नातकोत्तर पूर्वार्द्ध सेमेस्टर प्रथम के लिए आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि अब बुधवार 25 सितंबर हो गई। प्राचार्य डॉ हरबीर सिंह ने बताया कि पीजी में प्रवेश लेने के लिए आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान जयपुर ने एक बार पुनः अंतिम तिथि बढ़ाकर विद्यार्थियों को मौका दिया है। उन्होंने बताया कि स्नातकोत्तर में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थी निर्धारित तिथि तक आवेदन करें। उन्होंने कहा कि आवेदन पत्रों के ऑनलाइन सत्यापन की अंतिम तिथि शनिवार 28 सितंबर एवं अंतिम वरीयता सूची व प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन मंगलवार, 1 अक्टूबर को होगा। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों द्वारा मूल प्रमाण पत्रों की जांच करवाने की अंतिम तिथि शनिवार, 5 अक्टूबर एवं ई-मित्र पर शुल्क जमा कराने की अंतिम तिथि सोमवार, 7 अक्टूबर रखी गई है। उन्होंने कहा कि प्रवेशित विद्यार्थियों की विषयवार प्रथम सूची का प्रकाशन बुधवार, 9 अक्टूबर को होगा एवं 10 अक्टूबर, गुरुवार से शिक्षण कार्य प्रारंभ हो जाएगा। मीडिया प्रभारी एवं प्रवेश हेल्प डेस्क समिति के सदस्य प्रोफेसर डॉ अशोक कुमार गुप्ता ने बताया कि निर्धारित तिथि तक शुल्क जमा करवाने वाले प्रवेशित विद्यार्थियों की ही प्रथम सूची का प्रकाशन होगा। डॉ अशोक गुप्ता ने बताया कि महाविद्यालय में स्नातक पार्ट प्रथम सेमेस्टर प्रथम, स्नातक पार्ट द्वितीय तथा स्नातकोत्तर पूर्वार्द्ध के प्रवेशित विद्यार्थियों को अगली कक्षा में अस्थाई क्रमोन्नत करते हुए सत्र 2024-25 में स्नातक पार्ट द्वितीय सेमेस्टर तृतीय, स्नातक पार्ट तृतीय तथा स्नातकोत्तर उत्तरार्द्ध के लिए ऑनलाइन प्रवेश नवीनीकरण आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा जयपुर ने पुनः जारी किया है।


**पश्चिम मध्य रेल**

वरि. मंडल वाणिज्य प्रबंधक, कोटा मंडल, पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा स्टेशनों के परिभ्रमण क्षेत्र पर विज्ञापन, स्टेशनों पर विज्ञापन नॉन डिजिटल, स्टेशनों पर विज्ञापन डिजिटल और मोबाइल ऐसेट (इंजन और ट्रेन की बाहरी सतह पर) ई-नीलामी और ई-संविदा आमंत्रित की है। अधिक जानकारी हेतु वेबसाईट www.ireps.gov.in पर प्राप्त कर सकते है।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**पश्चिम मध्य रेल**

निविदा आमंत्रण सूचना-कोटा मंडल
नि.आ.सू.सं.:-टीकेडी-18-2024
दिनांकः 12.09.2024

वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियन्ता, विद्युत लोको शेड, तुगलकाबाद नई दिल्ली-44 द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से, निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है जिनकी बंद होने की तिथि एवं समय 14.10.2024 को 15:30 बजे है। निविदाकार बंद होने की तिथि व समय एक अपनी मूल/संशोधित निविदा ऑफर जमा कर सकते है। मैन्यूवल निविदा ऑफर स्वीकार्य नहीं विवरण इस प्रकार है। **निविदा सं.:** टीकेडी-18-2024, **कार्य का नाम व स्थानः** वि. लोको शेड तुगलाकवाद नई दिल्ली में एक वर्ष में 3 फेज लोकोमोटिव में आर.डी.एस.ओ. मोडिफिकेशन शीट नं. RDSO/2017/EL/MS/0465 rev '0' or latest दिनांक 18.10.2017 के अनुसार ब्रेक प्रेशर पाइप में ट्रैप चैम्बर के मोडिफिकेशन का कार्य।, **मात्रा :** 100 लोको, **अनुमानित लागत (रू. में):** 345739.17, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में):** शून्य, **बयाना राशि(रू.में):** 6900/-, **समापन अवधिः** 12 माह, **निविदा जमा करने की अंमित तिथि/समयः** 14.10.2024, 15:30 बजे। नोटः 1. ई-निविदा प्रपत्र एवं ई निविदा से सम्बंधित पूर्ण जानकारी वेबसाइट www. ireps.gov.in पोर्टल पर उपलब्ध है। 2. इस ई टेंडर के लिए कोई मैन्युअल ऑफर मान्य नहीं है तथा एसा कोई मैन्युअल ऑफर प्राप्त होता है तो भी वह मान्य नहीं होगा। 3. इस टेंडर से सम्बंधित कोई आवश्यक संसोधन यदि जरूरी हो तो बेवसाइट पर अपलोड कर दिया जायेगा, जिसे टेंडर खुलने के दिन तक देखा जा सकता है। 4. टेंडरर (निविदादाता) के पास क्लास-III डिजिटल सिग्रेचर सर्टिफिकेट, तथा ireps पोर्टल पर पंजीकृत होना आवश्यक है।

वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर कर्षण-वितरण पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर


### समीक्षा बैठक

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** नगर परिषद क्षेत्र गंगापुर सिटी स्थित पार्थ रिसोर्ट मे सदस्यता अभियान 2024 की समीक्षा बैठक राष्टीय मंत्री ऋतु राज सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिसमें भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं शामिल हुए। ऋतु राज सिन्हा ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अब हम सब को मिलकर हमारे भाजपा परिवार को और विशाल करना है जिसके लिए हम सभी को कडी मेहनत के साथ सदस्यता अभियान में शामिल होकर अधिक से अधिक आमजन को भाजपा की विचारधारा से परिपूर्ण कर सदस्य बनाकर भाजपा की विचारधारा से जोडना है। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल मीना ने बताया कि भाजपा का सदस्यता अभियान देशव्यापी है। यह अभियान 2047 में विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए चलाया जा रहा है। आव्हान किया घर-घर जाकर आम जन मानस को सदस्यता अभियान से जोडे। भरतपुर संभाग प्रभारी हेमराज मीणा ने बताया कि भाजपा है तो भरोसा है, भाजपा है तो गारंटी है। भाजपा सरकार में देश और प्रदेश में खुशहाली है। भाजपा सरकार में महिला, किसान, नौजवान, गरीब, व्यापारी पूर्णतयः सुरक्षित और निडर है। जिलाध्यक्ष सुशील दिक्षित एवं सभापति शिवरतन अग्रवाल ने बताया कि भाजपा का सदस्यता अभियान सर्व स्पर्शी, सर्व व्यापी और सर्व ग्राही है। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष प्रेम शिबाड, करौली जिलाध्यक्ष बृजलाल डिकोलिया जी, प्रधान मंजू गुर्जर, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष नागेश लोडी,जिला महामंत्री उदय सिंह गुर्जर आदि मौजूद रहे।

# घर-घर जाकर लोगों को बनाएंगे भाजपा के सदस्य : मंत्री सिन्हा

**करौली, (निसं)।** भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने करौली जिले कि बैठक में कहा कि घर-घर जाकर लोगो को बनाएंगे भाजपा के सदस्य।

भाजपा सदस्यता अभियान को लेकर शिव अशोका पैराडाइज करौली में बैठक आयोजित हुई जिसमे राष्ट्रीय मंत्री एवं सदस्यता अभियान के संयोजक ऋतुराज सिंहा ने सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहां के भाजपा के सभी कार्यकर्ता अपने

■ **भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ने सदस्यता अभियान पर दिया जोर**

अपने मंडलों में घर-घर, गली,मोहल्लों में, दुकानों पर जाकर के भाजपा कि सदस्यता ठाहण कराकर लोगो को पार्टी का दुपट्टा पहनाएंगे। इस अवसर पर पार्टी कि राष्ट्रीय मंत्री अलका गुर्जर ने कहा की भाजपा ने अपने सभी संकल्पों को पूरा करने का कार्य किया है। इसलिए जन मानस का अटूट विश्वास बीजेपी के साथ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व कि सरकारों की प्रत्येक योजना गरीब, किसान, महिलाओं तथा युवाओं की आर्थिक सामाजिक उन्नित के लिए समर्पित है। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल मीणा ने सभी कार्यकर्ताओं से अपने परिचय प्राप्त कर सदस्यता



शिव अशोका पैराडाइज गार्डन में भाजपा सदस्यता अभियान को लेकर बैठक आयोजित हुई।

अभियान का फीडबैक लिया।भरतपुर संभाग प्रभारी हेमराज मीणा ने कार्यकर्ताओं से अपने संबोधन में कहा कि प्रत्येक विधान सभाओ में सदस्यता अभियान कि टोली बनाई गई है इसी प्रकार प्रत्येक मंडल में मंडल की टोली बनाई गई है जो कि घर-घर जाकर सदस्यता अभियान के बारे में जानकारी देकर सदस्य बनायेंगे। प्रदेश सदस्यता अभियान जिला प्रभारी राकेश फौजदार ने अब तक 11 दिनों में सदस्यता अभियान को लेकर करौली जिले में कितने सदस्य बने है करौली जिले की चारों विधानसभाओं में जो लक्ष्य प्रदेश स्तर से दिया गया है इसको पूरा करना है। भाजपा सदस्यता अभियान के जिला संयोजक अशोक सिंह धावाई ने कहा कि करौली जिले में यह अभियान व्यापक रूप से चल रहा है जनता में अटूट उत्साह है इसमें ज्यादा से ज्यादा लोग स्वेच्छा से भाजपा की सदस्यता ठाहण कर रहे हैं। इस अवसर पर भाजपा जिला संगठन प्रभारी प्रेम प्रकाश शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष बृजलाल डिकोलिया,करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर,सपोटरा विधायक हंसराज वालोंती, पूर्व विधायक रमेश मीणा, सुखलाल मीना, लोकसभा प्रत्याशी इंदू देवी जाटव मंच पर रहे। वही पूर्व जिला अध्यक्ष प्रहलाद सिंहल, कैलाश चंदशर्मा, भौरु सिंह जादौन, रमेश राजोरिया, महेंद्र मीणा,ा जिला महामंत्री धीरेंद्र सिंह बैंसला,गजेंद्र सिंह जादौन, हरि सिंह बैरवा,जिला उपाध्यक्ष सुरेश शुक्ला, जिला मीडिया संयोजक मुकेश सालौत्री, नगर परिषद सभापति पूनम पचैरी, सीमा शुक्ला, योगेन्द्र सिंधल, योगेश शर्मा, ब्रजेश गुरु,बृजभूषण शर्मा, आशुतोष तिवारी,उत्तम सिंह जादौन, दिलीप गुप्ता, गजेंद्र सिंह रतिया पुरा, अजीत बीजलपुर, विनोद मीणा,सुमित भट्ट, तेजेंद्र सिंह, सीताराम शर्मा, एडवोकेट जयेंद्र सिंह, गजानंद शर्मा, चंद्रकला मीणा,राजेश पाल,केशव शर्मा, श्याम सुंदर शर्मा, चंदन सिंह, मुकेश पचैरी, नगर परिषद के वार्ड पार्षद,करौली जिले के सभी मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे।

### गिरदावरी करवाने के लिए ज्ञापन दिया

**भरतपुर, (निसं)।** भारतीय किसान संघ भरतपुर द्वारा जिला अध्यक्ष रमनसिंह कसोदा एवं संभाग महामंत्री सुधीर चौधरी की अध्यक्षता में जिला कलेक्टर डॉ अमित यादव को मुख्यमंत्री के नाम अतिवृष्टि के कारण खराब हुई। ज्वार बाजरे की स्पेशल गिरदावरी करवाने हेतु ज्ञापन दिया गया। भारतीय किसान संघ प्रवक्ता एवं जिला मीडिया प्रभारी इंजीनियर घमंडीसिंह नहरौली ने बताया कि भरतपुर एवं डीग जिले की समस्त तहसीलों भरतपुर डीग कामां जनूथर कुम्हेर नगर रूपबास नदबई बयाना वैर भुसावर पहाडी सिकरी रुदावल रारह उज्जैन आदि तहसीलों में खरीफ की ज्वार बाजरे की फसल पूर्ण रूप से खत्म हो चुकी है। राजस्थान सरकार द्वारा तुरंत प्रभाव से विशेष गिरदावरी करवाकर किसानों को फसल खराबे का मुआवजा सरकार तुरंत प्रभाव से दिया जाए जिससे किसानों को थोडी राहत प्रदान की जा सके। इसके साथ-साथ पिछले साल खराब हुई सरसों एवं बाजरे की फसल खराबी का मुआवजा बहुत से किसानों के खाते में अभी तक नहीं डाला गया है स मुरवारा बांध को ईआरसीपी से जोड़ा जाए। इसके साथ-साथ भरतपुर संभाग की सबसे बड़ी अनाज मंडी भरतपुर को मॉडर्न मंडी का दर्जा दिया जाए एवं मंडी में जल भराव की समस्या का स्थाई निराकरण किया जाए आदि मांगों को लेकर ज्ञापन दिया गया। इस अवसर पर रमनसिंह कसौदा सुधीर चौधरी इंजीनियर घमंडीसिंह राजेश कंजौली, मुन्ना ठाकुर, जगदीश बुराबई, जलसिंह, पुष्पेंद्र जांगिड आदि मौजूद रहे।